आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- देश भर में आज से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है।
- भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा।
- मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी तरह सतर्क है।
- डिगलीपुर में लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत किशोरी नगर पंचायत में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बिल्लीग्राउंड के हरिनगर में कल राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन हुआ।

<><><><><><><>

देश भर में आज से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय 'अनीमिया, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग'' रखा गया है। इस अवसर पर उप राज्यपाल ने अपने संदेश में लोगों से इस अभियान में भाग लेने और इस पहल को एक बड़ी सफलता बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम द्वीपसमूह को कुपोषण मुक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। सीएसओ, पीएसयू और एनजीओ की ओर से सभी कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान कर कुपोषण मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई। इस माह के दौरान समुदायों को संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व, स्वच्छ जल, स्वच्छता और आहार में स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों के महत्व के बारे में जागरूक करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

इस बीच रंगत के आंगनवाड़ी केन्द्र में कल सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का उद्घाटन सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण की गई और पर्यावरण संरक्षण पर शपथ दिलाई गई। रंगत के सहायक आयुक्त, सीडीपीओ, मुख्य सेविका, एनएनएम कर्मी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें संस्करण का कल शुभारंभ किया। पोषण माह के इस संस्करण में एनीमिया के बारे में जागरूकता, पोषण भी पढ़ाई भी और देश में कुपोषण खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित पहलों और सहायक भोजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य देश में स्वस्थ और सशक्त युवा और महिलाओं के साथ ही हासिल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अन्य पिछड़ वर्ग के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगा। यह कोचिंग केन्द्रीय क्षेत्र योजना के तहत दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को गुणवत्ता कोचिंग प्रदान करना है, ताकि वे सार्वजानिक और निजी क्षेत्र में उचित नौकरी पा सके। साथ ही तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो सके। इस योजना से संबंधित अधिक जानकारी समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला पुलिस नशीले पदार्थों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल ने हमारे डिगलीपुर संवाददाता डी. जे. वेंकटेश के साथ बातचीत में कहा कि पिछले कुछ समय से इस दिशा में प्रयासों को और मजबूत किया गया है, जिसके फलस्वरूप पिछले एक महीने में पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी की है। पुलिस अधीक्षक ने जनता से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करने का अनुरोध किया है।

– बाईट – गीतांजलि खण्डेलवाल (51 से0)

<><><><><><><>

डिगलीपुर के कृषि विभाग की ओर से हाल ही में लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत किशोरी नगर पंचायत में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र के जैविक खेती करने वाले कृषक गौरंगा रॉय के खेत में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे वे अधिक आय अर्जित कर सके। कार्यक्रम में डिगलीपुर की सहायक कृषि निदेशक आरती सिंह मुख्य अतिथि थीं। मुख्य अतिथि ने

कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्र के उप–प्रधान अजीत बैरागी और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित थे। इस योजना के तहत प्रत्येक स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षणों के माध्यम से जागरूक किया जाता है, ताकि वे कम से कम चार कृषि मौसमों या विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षणों के माध्यम से दस हजार रूपए या उससे अधिक की औसत मासिक आय के साथ स्थाई आजीविका अपनाकर एक लाख रूपए से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में छह स्वयं सहायता समूहों के करीब पैंतीस सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

नील केन्द्र ग्राम पंचायत प्रधान पिकी दास और उप प्रधान संदीप कुमार दास ने शहीद द्वीप निवासी सुबोर्णा मंडल के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे तिरसठ वर्ष की थीं।

<><><><><><><>

बिल्लीग्राउंड के हरिनगर में कल राजस्व शिविर कोर्ट का आयोजन किया गया। जन–शिकायतों के समाधान तथा भूमि संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर मायाबंदर के तहसीलदार की अध्यक्षता में चलाई गई। इस दौरान स्थानीय निवासियों की शिकायतों का समाधान किया गया। शिविर में आठ मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार कमान की त्वरित कार्रवाई से एम. वी. ई एफ ई एस के चालक दल को जहाज़ पर आग लगने की स्थिति में सहायता पहुंचाई गई। उन्नीस अगस्त को पोर्ट ब्लेयर में भारतीय तटरक्षक समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र को एम. वी. ई एफ ई एस के मशीनरी डिब्बे में आग लगने की सूचना दी गई। इस पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए निकटतम जहाज एम. वी. जगरानी को सहायता के लिए भेजा गया। कमान के भारतीय तटरक्षक पोत विजीत को पोर्ट ब्लेयर से जहाज़ के स्थान पर रवाना किया गया। दल ने स्थिति का आकंलन कर जहाज़ को तकनीकी सहायता प्रदान की।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए दो वर्षीय बी.एड् डिग्री पाठयक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। उम्मीदवार अब आठ सितम्बर की मध्य रात्रि तक कॉलेज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>